**कार्रवाई** — राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने की जांच, खनिज माफिया में मचा हड़कंप

# रात भर चला अभियान, ओवरलोड सात ट्रक जब्त

**नवभारत, कटनी।** जिले में खनिज माफियाओं के विरुद्ध प्रशासन ने एक बार फिर सख्त कार्रवाई करते हुए यह स्पष्ट संदेश दिया है कि अवैध उत्खनन, ओवरलोडिंग और बिना वैध दस्तावेजों के खनिज परिवहन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी के स्पष्ट निर्देशों पर गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने मंगलवार देर रात जिले के विभिन्न संवेदनशील मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर सात ओवरलोड और अवैध खनिज परिवहन कर रहे वाहनों को जब्त किया।

राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीमों ने देर रात तक अलग-अलग तहसीलों में एक साथ कार्रवाई करते हुए खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की गहन जांच की। अभियान के दौरान बिना वैध ई-टीपी, निर्धारित सीमा से अधिक खनिज



परिवहन और ओवरलोडिंग के मामलों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त कर संबंधित थानों में सुरक्षित रखा गया। सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा आरै कमलकांत परस्ते के नेतृत्व में खनिज विभाग की टीम ने विजयराघवगढ़ के कैमोर क्षेत्र में जांच के दौरान ई-टीपी की स्वीकृत सीमा से अधिक चूना पत्थर का परिवहन कर रहे दो भारी वाहनों को पकड़ा। दोनों वाहनों को तत्काल जब्त कर कैमोर थाना परिसर में खड़ा कराया गया। एसडीएम विवेक गुप्ता और तहसीलदार आदित्य द्विवेदी के नेतृत्व में बरही क्षेत्र में तीन ओवरलोड रेत वाहनों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें बहोरीबंद थाना पुलिस की अभिरक्षा में दिया गया। वहीं सिंगोड़ी के नायब तहसीलदार प्रेमलाल चौधरी द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान में रेत से भरे दो अन्य ओवरलोड वाहन पकड़े गए, जिन्हें विजयराघवगढ़ थाने में जब्त कराया गया। बजब्त किए गए सभी सात वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियमों के प्रावधानों के तहत प्रकरण तैयार किए जा रहे हैं।

सभी मामलों को दंडात्मक कार्रवाई औरप जुर्माना अधिरोपित किए जाने के लिए कलेक्टर न्यायालय में पंजीबद्ध किया जाएगा। जिले की खनिज संपदा के अवैध दोहन, ओवरलोडिंग और बिना वैध अनुमति के खनिज परिवहन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है।

ऐसे मामलों में कठोरतम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। राजस्व, पुलिस, खनिज और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा यह विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

जिले के प्रमुख मार्गों, खदान क्षेत्रों तथा ग्रामीण अंचलों में दिन-रात औचक निरीक्षण कर अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों एवं वाहन मालिकों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य जिले की खनिज संपदा की सुरक्षा, वैध खनन व्यवस्था को मजबूत करना और कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना है। संयुक्त टीम द्वारा चलाए जा रहे जांच और कार्रवाई अभियान से खनिज माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ हुआ है।



# जनसुनवाई में महापौर ने सुनी शहरवासियों की समस्या

### निराकरण के दिए निर्देश

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम में मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई में शहर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान पेयजल, सड़क, नाली, स्वच्छता, अतिक्रमण, राजस्व और अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित आवेदनों पर सुनवाई की गई। महापौर ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से प्रकरणवार जानकारी प्राप्त की और समय सीमा के भीतर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका परिणाम भी समय पर दिखाई देना चाहिए। प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए आवेदकों को कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। जनसुनवाई में नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एक साथ उपस्थित रहे, जिससे आवेदकों की शिकायतों पर तत्काल विभागीय समन्वय स्थापित हुआ। कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए गए, जबकि शेष प्रकरणों के जल्द और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। महापौर ने कहा कि जनसुनवाई शहरवासियों और नगर निगम के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंगलवार होने वाली जनसुनवाई में शामिल होकर अपनी समस्याएं सीधे बताएं, ताकि समस्या का निराकरण कराया जा सके।

## एक नजर में


### मांगों को लेकर पटवारी संघ ने शुरू की हड़ताल

**नवभारत, कटनी।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर कटनी जिले के पटवारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। पहले दिन पटवारियों ने अपने शासकीय बस्ते जमा कर विभागीय व्हाट्सऐप समूह छोड़ दिए और नियमित शासकीय कार्यों का बहिष्कार किया। पटवारी संघ का कहना है कि लंबित मांगों के समाधान के लिए कई बार ज्ञापन, सांकेतिक विरोध और सामूहिक अवकाश के माध्यम से शासन का ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसके बाद प्रदेशव्यापी हड़ताल शुरू की गई। हड़ताल से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा-खसरा, फसल गिरदावरी, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों के सत्यापन सहित राजस्व विभाग के अधिकांश कार्य प्रभावित होंगे। अगस्त से शुरू होने वाले जन विश्वास अभियान पर भी इसका असर पड़ने की संभावना है। पटवारी संघ ने कहा है कि वेतन विसंगति, पदोन्नति सहित लंबित मांगों के निराकरण तक आंदोलन जारी रहेगा। पटवारियों की हड़ताल का असर राजस्व विभाग के कार्यों पर हो रहा है। पटवारी स्तर के राजस्व विभाग के सभी कार्य प्रभावित हो रहे हैं, वहीं पटवारी अपने मांगों को पूरा करने की मांग कर रहे हैं।

# समाजसेवियों ने अस्पताल को दिए 100 टीटी इजेंक्शन

### जरूरतमंद लोगों को नहीं होना पड़ेगा परेशान

**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से टीटी (टेटनस) इंजेक्शन की कमी महसूस की जा रही थी। इस समस्या को देखते हुए क्षेत्र के समाजसेवियों ने मानवता और सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए अस्पताल को 100 टीटी इंजेक्शन भेंट किए। समाजसेवियों की इस पहल से अस्पताल प्रबंधन को बड़ी राहत मिली है और अब जरूरतमंद मरीजों को समय पर टीटी इंजेक्शन उपलब्ध कराए जा सकेंगे। टीटी इंजेक्शन की कमी के कारण चोटिल मरीजों और अन्य जरूरतमंद लोगों को कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस स्थिति को देखते हुए समाजसेवियों ने आगे बढ़कर



अस्पताल को 100 टीटी इंजेक्शन उपलब्ध कराए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। अस्पताल प्रबंधन ने समाजसेवियों के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि जनसहभागिता से स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक प्रभावी बनती हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने भी इस पहल को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि समाज के सक्षम लोगों को समय-समय पर ऐसे जनहित कार्यों में आगे आना चाहिए। समाजसेवियों की यह पहल केवल दान नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भावना का प्रतीक है। उम्मीद है कि इस तरह के सहयोग से स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होती रहेंगी।

# झपट्टा मारकर महिला की चैन छीनने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र पुलिस ने की कार्रवाई

**नवभारत, कटनी।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में एक महिला के गले से झपट्टा मारकर सोने की चैन छीनने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि तीन अगस्त को छत्तीसगढ़ राज्य के अंबिकापुर थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन बोरीपारा निवासी नेहा पति पंकज वर्मा ने रंगनाथ नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि सुबह करीब चार बजकर दस मिनट पर अपने परिवार के साथ भोपाल से कटनी आयी थी और मुडवारा स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर पांच के पास से कटनी साऊथ स्टेशन जाने के लिए अपने पति के साथ आटो देख रही थी तभी महाजन टाल के सामने एक अज्ञात व्यक्ति आया



और उसके गले से सोने के मंगलसूत्र में झपट्टा मारकर भाग गया। मंगलसूत्र करीब 8 ग्राम का था, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख10 हजार रूपए थी।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और उप पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी को सूचना देकर एएसआई बहादुर सिंह द्वारा अलग-अलग स्थानो में टीम गठित कर आरोपी की तलाश में जुट गए। आरोपी की तलाश के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर रचित उर्फ रोहित विश्वकर्मा पिता संतोष विश्वकर्मा को पकड़ा। पूछताछ के दौरान संदेही रचित उर्फ रोहित वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक सोने के मंगलसूत्र का लाकिट बरामद कर लिया है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गयाप आरोपी भट्टा मोहल्ला क्षेत्र का निवासी है। पूरी कार्रवाई रंगनाथ नगर थाना प्रभारी एसआई अरूणपाल सिंह, सहायक उप निरीक्षरण बहादुर सिह, प्रधान आरक्षक अनिल विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक अजय तिवारी, अर्जुन तिवारी, लालजी यादव, आरक्षक वीरेन्द्र दहायत, महिला आरक्षक पूनम पांडे और रमजान, संदीप की भूमिक रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी और उपपुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में की गई है।

# पौधरोपण करने के साथ ही उन्हें सुरक्षित रखने का लिया संकल्प

### पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

**नवभारत, कटनी।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के उद्द्देश्य बारिश के मौसम में पौधारोपण किए जा रहे हैं। पौधारोपण के साथ ही पौधों का संरक्षण करने का संकल्प भी लिया जा रहा है। पिछले दिनों ग्राम पढ़ुआ मां ईश्वरा वेयरहाउस और



वेयरहाउस में आनन्द परिवार कटनी से श्रीमती कैलाश रानी आनन्द , चमन लाल आनन्द, श्रीमती श्रीमती रीमा आनन्द, सुशील आनन्द, श्रीमती रिचा आनन्द , मनीष आनन्द द्वारा बेल, आंवला, नींबू, अमरूद, सागवान, अशोक के पौधों का रोपण किया गया।

परिवार द्वारा प्रतिवर्ष अपने कर्मभूमि पर पौधारोपण किया जाता है जो आज वृक्षो के रूप में छाया, ऑक्सीजन और क्षेत्र को सुशोभित करते हैं। पौधों को सुरक्षित का संकल्प लिया गया।



# 9 अवैध कॉलोनियों के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

### नगर निगम आयुक्त ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार की अध्यक्षता में सोमवार को निगम कार्यालय में आयोजित समय-सीमा बैठक में नियलगम की संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं, जनहितकारी कार्यों, लंबित प्रकरणों और शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। निगमायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं और शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि 9 नवीन अवैध कॉलोनी के प्रकरणों पर एफआईआर की कार्रवाई कराई गई है, 14 अन्य प्रकरण एफआईआर के लिए संबंधित थानों को प्रेषित किए गए है। जिस पर निगमायुक्त ने उपयंत्रियों को क्षेत्रवार थाना से संपर्क कर एफआईआर की कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त ने कोचिंग सेंटर, अस्पताल, होटल और मॉल में फायर सेफ्टी की धीमी जांच पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों में गंभीरता बरतते हुए कार्यवाही में गति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त ने अवैध मैरिज गार्डन और जर्जर भवनों, अनुमति के विपरीत निर्मित भवनों और प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर कार्रवाई करने के भी निर्देश क्षेत्रीय उपयंत्रियों को निर्देशित किया। निगमायुक्त तपस्या परिहार ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में निर्धारित 39.69 करोड़ रुपए के लक्ष्य के अनुरूप वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रतिदिन 10 लाख रुपए की वसूली सुनिश्चित करने, शत-प्रतिशत कर बिलों का वितरण करने, लक्ष्य प्राप्ति के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही निगम स्वामित्व की दुकानों का विवरण पोर्टल पर अद्यतन करने,किरायेदारी अनुबंध, शिकमी किरायेदारों की जानकारी व्यवस्थित रखने तथा सभी नामांतरण प्रकरणों की ऑनलाइन प्रविष्टि कर लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निगमायुक्त ने नगरीय सीमा में संचालित डेयरियों को चरणबद्ध तरीके से निगम सीमा के बाहर स्थानांतरित करने, मीट मार्केट, स्लॉटर हाउस के लिए उपयुक्त स्थल विकसित किए जाने के उद्देश्य से भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को टीएनसीपी से समन्वय स्थापित कर भूमि आवंटन की प्रक्रिया आगे बढ़ाने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई से संबंधित लंबित प्रकरणों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। निगमायुक्त ने कहा कि नागरिकों की शिकायतों का तत्काल समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का जल्द निराकरण किया जाए, ताकि आमजन को समय पर राहत मिले और निगम की जनसेवाएं अधिक प्रभावी और जवाबदेह बन सकें। पौधारोपण की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु प्रारंभ हो गई है, जो पौधारोपण के लिए सबसे उपयुक्त समय है। उन्होंने कहा कि चिन्हित स्थलों पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं की सहभागिता से पौधारोपण कराएं।

# आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को खिलाई खीर और पुड़ी, बांटी टॉफी

### आंगनबाड़ी केन्द्र में धूमधाम से मनाया गया जन्मदिवस

**नवभारत, उमरियापान।** जिले की जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 160 में मंगलवार को बिटिया सृष्टि का जन्मदिन हर्षोल्लास और आत्मीय माहौल में मनाया गया। सृष्टि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती किरण मिश्रा की पुत्री हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना अधिकारी श्रीमती आरती यादव के नेतृत्व में बच्चों के जन्मदिन को सामुदायिक सहभागिता के साथ



मनाने का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में धरवारा सेक्टर की सुपरवाइजर श्रीमती अंजना पटेल के मार्गदर्शन में जन्मदिन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं, आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों 1ड्ढस्द्ध अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर बच्चों को खीर, पूड़ी, टॉफी, बिस्कुट एवं मिठाइयों का वितरण किया गया। बच्चों ने जन्मदिन गीत गाकर और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मीयता, सामाजिक सहभागिता और खुशी का वातावरण विकसित होता है, साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रति समुदाय का जुड़ाव भी मजबूत होता है

## अब तक 370 मिमी बारिश

**नवभारत, कटनी।** जिले में 1 जून से 4 अगस्त तक कुल 370.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 373.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 538.7 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 234.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 215.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 261.4 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में 337.5 मिलीमीटर, स्लीमनाबाद तहसील में 681.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 320.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

**समीक्षा** — समय पर आवेदनों का निराकरण नहीं करने वाले लापरवाह अधिकारियों पर लगेगा जुर्माना, कलेक्टर ने दिए कार्रवाई के निर्देश

# भ्रमण कर अपने विभाग से जुड़ी समस्या सुनेंगे अधिकारी, चलाया जाएगा विशेष अभियान

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने आयोजित समय-सीमा बैठक में प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आवेदनों का समय पर निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों पर आर्थिक दंड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समय-सीमा के भीतर आवेदनों का निराकरण करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और समय बाह्य एक भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए। बैठक में बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहने पर बाकल के नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ



हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार तथा अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत समय-सीमा से बाहर कुल 34 आवेदन लंबित पाए गए। इनमें सीमांकन के 27 आवेदन शामिल हैं। इसी प्रकार नामांतरण के 6 प्रकरण लंबित पाए गए। इसके अतिरिक्त योजना, आर्थिक और सांख्यिकी विभाग अंतर्गत जन्म के एक वर्ष पश्चात पंजीयन से संबंधित 1 प्रकरण लंबित पाया गया, जिस पर कलेक्टर ने सभी अधिकारियों के विरुद्ध आर्थिक दंड लगाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने जिले में 7 अगस्त से शुरू हो रहे मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत साप्ताहिक भ्रमण कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी भ्रमण के दौरान जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण और योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई में लंबित शिकायतों, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने अभियान के तहत नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा सहित लंबित राजस्व प्रकरणों और न्यायालयीन आदेशों के बावजूद लंबित अमल के मामलों को प्राथमिकता से निपटाने को कहा। साथ ही सभी पात्र किसानों की फार्मर आईडी, पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समग्र आईडी की ई-केवाईसी, आधार कार्ड निर्माण और अपडेशन के लंबित प्रकरणों के जल्द निराकरण पर भी विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन, आंगनवाड़ी केंद्रों के निरीक्षण, बच्चों के वजन-ऊंचाई मापन और कुपोषण मुक्ति प्रयासों को मजबूत करने के साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित अन्य विभागों को भी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने पर जोर दिया। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

